हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 23 अगस्त 2025, समय 1305 (05 मिनट)

हरियाणा विधान सभा का मानसून सत्र 27 अगस्त तक चलेगा। यह निर्णय विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में हुई कार्य सलाहकार समिति की बैठक में लिया गया।

इससे पूर्व सरकार की ओर से विधान सभा सचिवालय को 3 दिन सत्र चलाने का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन बैठक में कार्य पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सदन की कार्यवाही एक दिन के लिए बढ़ाने पर सहमति बनी।

कार्य सलाहकार समिति में लिए गए निर्णय के अनुसार 25 अगस्त को 2 से 6 बजे तक और 26 अगस्त को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक कार्यवाही चलेगी। 27 अगस्त को कार्यवाही सुबह 11 बजे प्रारंभ होगी।

*******

हरियाणा विधानसभा के सत्र के पहले दिन पिछ्ले सत्र और इस सत्र की अवधि के दौरान मृत्यु को प्राप्त हुए महान विभूतियों और शहीद जवानों के सम्मान में शोक प्रस्ताव पढ़े गए और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की गई।

सर्वप्रथम सदन के नेता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शोक प्रस्ताव पढ़े। इनके अलावा, विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा आदित्य देवीलाल ने अपनी पार्टी की ओर से शोक प्रस्ताव पढ़कर दिवगंत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। सदन में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

सदन में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गये 26 निर्दोष लोगों के दुःखद एवं असामयिक निधन पर भी गहरा शोक प्रकट किया गया। इसके अलावा, सदन में 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर मारे गये 260 व्यक्तियों की असामयिक मृत्यु पर भी गहरा शोक प्रकट किया गया। हादसे का शिकार हुए लोगों में गुजरात के भूतपूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी थे।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष को मनीषा मामले पर राजनीति न करने को कहा है। विपक्ष की कड़ी आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे केवल अनावश्यक हंगामा कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन के  दौरान विपक्ष द्वारा सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि भिवानी की बेटी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में जमीन आसमान का अंतर है।  कांग्रेस राज में कानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर थी। उस समय तो मामला तक दर्ज नहीं होता था। जिससे पीड़ित दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होते थे। इसके विपरीत आज तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

**********

भिवानी जिला के सिंघानी में मनीषा की कथित हत्या के मामले में उसके पिता संजय ने एक वीडियो जारी कर इस मामले में राजनीतिक दलों व नेताओं द्वारा राजनीति ना करने की अपील की है।

उन्होंने वीडियो में हाथ जोडकर कहा कि सरकार ने इस मामले में कार्रवाई की है तथा मुख्यमंत्री ने उनकी बेटी मनीषा की मौत पर उनकी तथा आम लोगों की मांग पर सीबीआई जांच एवं एम्स से पोस्टमार्टम करवाए जाने की मांग पूरी की है।

ऐसे में राजनेताओं का  इस मुद्दे पर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**********

भादो माह की अमावस्या पर आज श्रद्धालुओं ने ब्रह्मसरोवर पर  स्नान और पूजा अर्चना की तथा अपने पितरों के लिए पिंडदान किया।

राहंसरोवर पर मौजूद तीर्थ पुरोहित पंडित राकेश गोस्वामी ने कुरक्षेत्र से हमारी संवाददाता को बताया कि आज भादो माह की अमावस्या है इस दिन लोग भंडारे भी लगाते हैं। आज  हरियाणा पंजाब, हिमाचल प्रदेश व  राजस्थान से आए श्रद्धालुओं ने विश्व विख्यात ब्रह्म सरोवर में पूजा अर्चना और स्नान किया और अपने पितरों का तर्पण किया, ताकि परिवार में सुख समृद्धि बनी रहे।

*********

फरीदाबाद में बड़खल में सूरजकुंड पार्किंग क्षेत्र की भूमि पर माल शोधन सयंत्र –एसटीपी स्थापित करने की अनुमति मिल गई है। इस परियोजना पर लगभग

12 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसके शुरू होने से बड़खल क्षेत्र की वर्षो पुरानी सीवरेज समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।

नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने यह  जानकारी देते हुए बताया कि इस सायंत्र से शिव दुर्गा विहार, लक्कड़पुर और दयालबाग जैसे घनी आबादी वाले इलाकों को सीधा लाभ मिलेगा। करीब देड़ हेक्टेयर भूमि पर बनने वाला यह सयन्त्र हजारों लोगों को फायदा पहुंचाएगा। इस एसटीपी से शुद्ध किए गए पानी का उपयोग भूमिगत जल रिचार्ज, राजहंस होटल, ग्रीन बेल्ट की सिंचाई और सूरजकुंड मेले में छिड़काव के लिए किया जाएगा। इससे जहां जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा वहीं पर्यावरण भी सुरक्षित होगा।

***********

पलवल में धानुका एग्रीटेक अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र गांव सिहोल में आज धान और गन्ने की फसलों में पौध संरक्षण उपायों की रणनीति पर किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। बागवानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक डॉ.बीएस सहरावत द्वारा किसानों को फसल विविधीकरण को अपनाकर किसानों की आय में वृद्धि करने के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

ईस दौरान मृदा स्वास्थ्य सुधार और फसल उत्पादकता में मैक्सिल्ड और माइक्रो सुपर की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

**********